>

Title: Need to construct the Durgapur Shanker Railway halt in Semapur-Katihar railway section in Katihar Parliamentary Constituency of Bihar.

श्री निखिल कुमार चौधरी (कटिहार): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र कटिहार के रेलवे के एक महत्वपूर्ण विषय पर रेल मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। ...(व्यवधान) कटिहार संसदीय क्षेत्र के दो रेलवे, एक पूर्वोत्तर रेलवे और दूसरा पूर्व मध्य रेलवे के बीच में दुर्गापुर संकर हॉल्ट बनाने की मांग लोग वर्षों से कर रहे हैं। ...(व्यवधान) लोग अनशन और अपने सात्याग्रह के जरिये यह मांग कर रहे हैं।...(व्यवधान) इन दोनों रेलवे के बीच में जो पूर्व मध्य का खंड है, इसमें 7 किलोमीटर का लंबा क्षेत्र पड़ता है। भौगोलिक दृष्टि से यह क्षेत्र बड़ा ही दुर्गम क्षेत्र है। रेलवे ही इसके आवागमन का एक मात्र साधन है। दुर्गापुर के संकर हॉल्ट बनाने वाले लोग सतत इस प्रयास में हैं कि उनको वहां एक हॉल्ट मिलना चाहिए। इसके लिए लोग सतत संघर्षशील हैं। इस हॉल्ट के बनने से अनेक गाँवों को सविधा मिल जाएगी जो गाँव हैं दुर्गापुर, सुरवासन, मथुरा रक्सी, हाड़ी हाजी टोला घुसकी इत्यादि।

...(व्यवधान) सभापति महोदय, मैं आपसे कहना चाहता हूं, वहां के लोगों ने वहां अपने खर्चे पर मिट्टी भराकर हॉल्ट के लिए चौड़ीकरण किया है, टिकट घर बनवाया है, ...(व्यवधान) पेयजल की व्यवस्था की है, यात्रियों के बैठने की व्यवस्था की है, ...(व्यवधान) इसके बावजूद भी वहां अभी तक शंकर हाल्ट का निर्माण नहीं हो पाया है। ...(व्यवधान) अभी उसमें काफी लोग लगे हुए थे ...(व्यवधान) और इस मांग को लेकर वे जब ट्रैक पर आए, तो उन लोगों के ऊपर मुकदमा किया गया। इसे लेकर लोग कठिनाई में हैं। ...(व्यवधान) अतः मेरी मांग है कि जनता के हित के लिए शंकर हाल्ट बनाया जाए। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Dr. Raghuvansh Prasad Singh, please go back to your seat because your name is next in the list.

14.30 hrs.

At this stage, Dr. Raghuvansh Prasad Singh went back to his seat.